## विद्युत पोल दे रहा दुर्घटना को न्योता



**निवाली।** नगर की मुनिया कॉलोनी में स्थित पोल दुर्घटना को न्योता दे रहा है। इस ओर किसी आला अधिकारियों का ध्यान नहीं है। नगर में कई ऐसे पोल हैं, जो तिरछे-बाके और बिजली के तारों से खिंच के जर्जर हो गए। हैं। इस ओर यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## फरार दो स्थाई वारंटी को गिरफ्तार



**बड़वानी।** जिले की राजपुर पुलिस द्वारा फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। पुलिस ने बताया कि एसपी जगदीश डावर के निर्देशानुसार राजपुर थाना प्रभारी विक्रमसिंह बामनिया ने एएसपी धीरज बब्बर व एसडीओपी आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में टीम गठित की। मुखबिर से मिली सूचना पर टीम ने गोलू उर्फ गजेन्द्र पिता पंढरी यादव निवासी ग्राम जरोली थाना बलकवाड़ा जिला खरगोन को ग्राम जरोली से और गणेश पिता अनसिंग देवले जाति भील निवासी लोवरगोई कॉलोनी राजपुर को बस स्टैंड राजपुर से गिरफ्तार किया। दोनों वारंटी वर्ष 2024 से फरार थे। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजपुर विक्रमसिंह बामनिया, उनि गजेन्द्रसिंह ठाकुर, प्रआर गणेश डावर, आरक्षक गुणीराम पंवार, अरविंद पाटीदार, ओंमप्रकाश पाटीदार, गेंदालाल सिसोदिया, अर्जुन नरगावे की भूमिका रही।

## विद्यार्थियों को वितरित की नि :शुल्क साइकिल



**बड़वानी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरलाय में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 24 विद्यार्थियों 10 बालक एवं 14 बालिकाओं को मध्यप्रदेश शासन की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंतसिंह पटेल एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूपेन्द्र गोयल एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि मनोज यादव एवं नागरिक के आतिथ्य में वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था के शिक्ष एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल बड़ोले ने किया तथा संस्था प्राचार्य मगनसिंह आर्य एवं अर्चना श्रीवास ने आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस नेता अलीम के बेटे पर धमकी का प्रकरण

इंदौर. कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम और पूर्व नेता प्रतिपक्ष फौजिया शेख के बेटे अली के खिलाफ खजराना थाने में धमकी का मामला दर्ज किया है. आरोप है कि अली ने पार्षद रूबीना इकबाल खान के बेटे शहबाज को व्हाट्सएप पर धमकाया और उनके परिवार को लेकर आपत्तिजनक बातें लिखीं. शहबाज अपने भाई के साथ खजराना थाने पहुंचे फरियादी ने थाना प्रभारी मनोज सेंधव को धमकियों की जानकारी दी. इसी दौरान अली ने फिर से व्हाट्सएप ग्रुप पर धमकी भरा संदेश डाल दिया. शिकायत पर पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया. शहबाज का कहना है कि उसकी अली से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, बावजूद इसके वह लगातार परेशान कर रहा है. बताया जा रहा है कि अली पहले भी विवादों में फंस चुका है, लेकिन उस समय बच निकला था. अब पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

## आरोपी विवेक को आज घटना स्थल ले जाएगी पुलिस

इंदौर. उद्योगपति चिराग जैन हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी विवेक जैन को पुलिस आज घटना स्थल पर ले जाकर सीन रिक्रिएशन कराएगी. कनाड़िया थाना क्षेत्र में 18 दिन पहले हुई इस सनसनीखेज वारदात के बाद विवेक फरार हो गया था. जानकारी के अनुसार हत्या के बाद आरोपी ने अपनी कार बायपास पर छोड़ दी थी और छिप गया था. पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर दस हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था. आखिरकार मंगलवार को उसे दबोच लिया. एडीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया. इसके बाद उसे घटना स्थल ले जाकर हत्या की वारदात को दोबारा करवाया जाएगा. साथ ही पुलिस उसके पास से हत्या में उपयोग किए गए चाकू और मोबाइल फोन जब्त करेगी. पुलिस विवेक को उसके तिलकनगर स्थित घर भी ले जाएगी. फरारी के दौरान उसे मदद करने वालों की पहचान और भूमिका की भी जांच की जा रही है.

## सलमान लाला का भाई रिजवान नरसिंहपुर जेल शिफ्ट

इंदौर. गैंगस्टर सलमान लाला की मौत के बाद जिला जेल में तनाव फैलाने वाले उसके भाई रिजवान को दो साथियों सहित नरसिंहपुर जेल स्थानांतरित कर दिया है. हत्या के मामले में बीते दो साल से जेल में बंद रिजवान लगातार साथियों को उकसा रहा था और भाई की मौत का बदला लेने की बातें कर माहौल बिगाड़ रहा था. खजराना निवासी रिजवान को दो साल पहले पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के कबूतरखाना इलाके में क्रिकेट खेलने के विवाद के दौरान युवक की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, तब से वह जिला जेल में बंद है. पिछले दिनों सीहोर में तालाब में कूदकर सलमान लाला की आत्महत्या के बाद रिजवान और अधिक आक्रामक हो था. जेल प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से देर रात उसे और उसके दो केस पार्टनरों को नरसिंहपुर जेल भेज दिया.

## एक ही दिन में तीन नाबालिग लड़कियां लापता

**अलग-अलग थानों में अपहरण के मामले दर्ज, पुलिस जांच में जुटी**

इंदौर. शहर में तीन अलग-अलग क्षेत्रों से नाबालिग लड़कियों के लापता होने की घटनाएं सामने आईं. पुलिस ने अपहरण के प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पहला मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र का है, जहां मयूर नगर, मूसाखेड़ी निवासी सुरेंद्र यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि 8 सितंबर को दोपहर करीब 1 से 1.15 बजे के बीच उनकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. दूसरी घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र की है, पवनधान कॉलोनी, निपानिया निवासी अभिषेक कुमार ने पुलिस को बताया कि 9 सितंबर को दोपहर करीब 1 बजे उनकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात आरोपी बहला-फुसला कर ले गया. इसी तरह का तीसरा मामला चंदन नगर थाना क्षेत्र का है. यहां व्यासनगर एयरपोर्ट रोड निवासी सकूबाई निर्मल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 सितंबर की रात उनकी पोती को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर नाबालिगों की तलाश शुरू कर दी है.

## लसूड़िया थाना प्रभारी ने कॉलोनियों में की मीटिंग

इंदौर. लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने क्षेत्र का भ्रमण कर धनलक्ष्मी नगर सेक्शन-ए, बी, सी, डी सहित तिरुमला ग्रीन फेस-1 और फेस-2 में कॉलोनीवासियों के साथ मोहल्ला समिति की बैठक की. बैठक में कॉलोनी के सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई. थाना प्रभारी ने रहवासियों से कहा कि कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में रखे जाएं और गार्डों को विशेषकर रात्रि के समय सतर्क रहने के निर्देश दिए. किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की गई.

# इस वर्ष शहर में होगी गरबों की धूम

**स्वर संगम गरबा मंडल मनाएगा 42वां वर्ष, गुजरात की तर्ज पर होंगे गरबे, कलाकारों ने शुरू की रिहर्सल**



**बड़वानी, ( नवभारत )।** नवरात्रि का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे शहर की फिजाओं में भी गरबों की खनक गुंजने लगी हैं। गुजरात और महाराष्ट्र की सीमाओं से लगे बड़वानी जिले में इस बार नवरात्रि पर खास उत्साह देखने को मिलेगा। गुजरात की तर्ज पर गरबा महोत्सव आयोजित करने के लिए कलाकारों ने कमर कस ली है। शहर के पांच से अधिक बड़े पांडालों में गरबा नृत्य प्रस्तुत करने वाले कलाकार दिन-रात अभ्यास में जुटे हैं। इस बार गरबा केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और पारंपरिक झलकियों का रंगीन संगम बनने जा रहा है।

शहर में इस बार केवल पारंपरिक गुजराती ही नहीं, बल्कि निमाड़ी, राजस्थानी, पंजाबी और मराठी शैली के गरबों की भी प्रस्तुतियां होंगी। कलाकारों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि संस्कृति से जोड़ना है। इस पहल में नृत्य निर्देशक जया जोशी और शिवानी मारू भूमिका निभा रही हैं। जिनके मार्गदर्शन में सैकड़ों कलाकारों को गरबा नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शहर का सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित गरबा आयोजन स्वर संगम गरबा मंडल रणजीत चौक में होता है। जो इस साल अपने 42वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस मंडल की स्थापना वर्ष 1984 में हुई थी और तब से अब तक यह मंडल नवरात्रि उत्सव की पहचान बन चुका है। निदेशक अनिल जोशी ने बताया कि गुजरात के बाद में बड़वानी ही एकमात्र स्थान है, जहां इतने भव्य पैमाने पर लाईव गरबा होता है। करीब 100 कलाकारों की टीम 1 माह नियमित रिहर्सल करती है।

शहर में ओपन गरबा का चलन भी तेजी से बढ़ा है, जहां पुरुष और महिलाएं एक साथ डांडिया की थाप पर थिरकते हैं। ओपन गरबा आयोजनों में युवा शक्ति गरबा ग्रुप, रास रंग गरबा और एनजीएम म्यूजिक ग्रुप जैसे संगठन बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इनके आयोजनों में हजारों लोग पहुंचते हैं, जिनमें बड़वानी सहित धार, खरगोन और अलीराजपुर से भी दर्शक आते हैं।

शहर के अन्य प्रमुख गरबा ग्रुप न्यू श्रीराम गरबा मंडल, मां गरबा रास, मां वैष्णो देवी गरबा, रास रंग भी गरबों की मनमोहक प्रस्तुतियों के लिए तैयारी में लगे हैं।

**पांच से अधिक बड़े**

- शहर में पांच से अधिक बड़े पांडालों में होगा गरबा नृत्य।
- नवरात्रि पर इस बार देखने को मिलेगा खास उत्साह।

# 15 सितम्बर को लगेगा नि :शुल्क नेत्र शिविर

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिला अस्पताल में 15 सितम्बर को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आने वाले लोगों की आंखों की जांच कर मोतियाबिंद के मरीजों को चयनित किया जाएगा। जिनका लैंस प्रत्यारोपण होगा।

उक्त नि:शुल्क शिविर के माध्यम से जिले सहित अन्य जिलों के भी सैकड़ों मरीजों का नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया जा चुका है। वहीं लांयस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा प्रत्येक शिविर के दौरान मरीजों को नि:शुल्क भोजन की सेवा भी निरंतर दी जा रही हैं।

इस मर्तबा चयनित मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण जिला अस्पताल में ही किया जाएगा। जिससे मरीजों को लम्बे सफर से निजात मिलेगी। वहीं बुजूर्ग मरीज जो लम्बा सफर करने में असमर्थ रहते हैं, उनकी परेशानियां कम होंगी।

सिविल सर्जन डॉ अनिता सिंगारे ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद की जांच कर नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण इस बार जिला अस्पताल बड़वानी में ही किए जाएंगे। डीडीपीएम दीपक सोनी ने कहा कि डॉ विमलेश चोयल द्वारा जांच कर मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन किए जाएंगे। मरीज पुरानी शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच रिपोर्ट यदि हो तो लेकर आए। महिला मरीज अपने सिर के बाल धोकर आए, लैंस प्रत्यारोपण के बाद 25 दिन तक सिर नहीं धोना है। कैम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने बताया कि चयनित मोतियाबिंद के मरीज के साथ में एक व्यक्ति का होना जरूरी है।

# जैन बंधुओं ने बालक को परिजनों से मिलाया

**बड़वानी, ( नवभारत )।** ग्राम पाटी के भटकर कर आए किशोर को सामाजिक कार्यकर्ता ने परिजनों से मिलाया। बालक जिला अस्पताल क्षेत्र में गुमसुम बैठा था। वहां से शाम 7 बजे निकल रहे सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन एवं रोटरी क्लब सचिव ललित जैन ने बालक को देख उससे जानकारी ली। उसने अपना नाम ऋतुराज सोलंकी एवं पिता का नाम अर्जुन बाताया। उम्र करीब 13 वर्ष बताई व पाटी निवासी होना बताया। पहले किशोर को नाश्ता कराया और फिर उसे नपा के रेन बसेरे मे रुकवाया। बातचीत में पता लगा कि माता-पिता से किसी बात से रूष्ट होकर वो यहां आ गया था।

ललित जैन ने पाटी में अपने मित्र लोकेश मालवीय को किशोर की फोटो व अन्य जानकारी सांझा की। जिस पर वे बालक के घर का पता कर उसके पिता से मिले और बालक के सुरक्षित बड़वानी होने की सूचना दी। किशोर के माता, पिता एवं बड़े पिता रात 10 बजे बड़वानी आए वऔर बालक को कुशल देख हर्षित हुए। समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया और बालक को घर ले गए। अजित जैन ने बताया कि इस कार्य में रिक्शा चालक अशोक मुकाती, सौरभ यादव, रितेश वास्कले एवं लोकेश राठौर का भी सहयोग रहा।

**एक नजर में** — यंस कान्वेंट में पहुंचे सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, बोले खेलों से निखरेगी प्रतिभा

# विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



**सेंधवा, 12 सितम्बर.** लायंस कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने विद्यालय में अध्यापन और उपलब्ध खेल सुविधाओं की जानकारी ली। सांसद के स्वागत में आयोजित समारोह में विद्यालय के प्राचार्य आशुवेन्द्र सिंह ने पुष्पगुच्छ से सांसद महोदय का स्वागत किया। इस दौरान सांसद महोदय ने विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों से मुलाकात की तथा उनकी पढ़ाई और विद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं की जानकारी ली।

सांसद ने विद्यालय में नवनिर्मित जिम का निरीक्षण भी किया तथा विद्यालय के इन प्रयासों की सराहना की। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु चलाए जा रहे अभियान सांसद खेल महोत्सव की जानकारी दी। आपने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर देश के सभी संसदीय क्षेत्रों में खेल प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। जिनमें हमारे प्राचीन खेलों जैसे गुल्ली-डंडा, रस्सा कस्सी, पंजा-कुश्ती, कबड्डी, खो-खो के साथ-साथ क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल को भी सम्मिलित किया गया है। इनमें प्रथम पुरस्कार 71000 तथा द्वितीय पुरस्कार 51000 के साथ-साथ कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखे गए हैं। इन खेलों का पंजीयन 21 सितंबर 2025 से प्रारंभ हो रहा है।


लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ अतुल पटेल ने कहा कि इस प्रकार के खेल महोत्सव विद्यार्थियों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए अवसर प्रदान करते हैं। इनसे विद्यार्थियों में अनुशासन और खेल भावना का विकास होता है।

**यह रहे उपस्थित**

सांसद के साथ सांसद खेल महोत्सव के जिला समन्वयक भूपेंद्र जाट, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हीरालाल जाधव, भाजपा जिला महामंत्री योगेश परमार भी उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से पुजारी की मौत

- बेटे ने जिला अस्पताल की बिल्डिंग से कूदकर की जान देने की कोशिश
- मॉर्निंग वॉक से लौट रहे थे परिचितों से मिलकर, थाने के सामने हुआ हादसा







नव भारत न्यूज

**इंदौर. बुधवार सुबह एयरपोर्ट रोड पर हुए दर्दनाक हादसे हो गया. विजयश्री कॉलोनी में रहने वाले 55 वर्षीय पुजारी नेत्रपुरी गोस्वामी की बीएसएफ के तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई. पिता की मौत से सदमे में आए उनके बेटे अभिषेक ने जिला अस्पताल की निर्माणाधीन बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या की कोशिश की, हालांकि वहां मौजूद लोगों ने उसे समय रहते बचा लिया.**

सुबह करीब 7 बजे पंडित नेत्रपुरी रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे. रास्ते में उनकी मुलाकात कुछ परिचितों से हुई और वे सड़क किनारे खड़े होकर उनसे बातचीत करने लगे. बातचीत खत्म कर जैसे ही वे वापस मुड़े, एरोड्रम थाने के सामने से गुजर रहा बीएसएफ का ट्रक उन्हें टक्कर मार गया. टक्कर इतनी भीषण थी कि उनके सिर में गंभीर चोट आई और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और ड्राइवर टक्कर मारने के बाद करीब 20 फीट आगे जाकर वाहन रोक पाया. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां यह खबर सुनते ही परिवार सहित बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए. इसी बीच पंडित नेत्रपुरी के बेटे अभिषेक ने गहरे सदमे में आकर निर्माणाधीन बिल्डिंग से कूदने की कोशिश की. वहां मौजूद कर्मचारियों और लोगों ने उसे पकड़ लिया और बड़ी दुर्घटना टल गई. बाद में परिजनों ने उसे समझाकर घर ले जाया गया.

**ट्रक और चालक की जांच कर रहे**

मामले में पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद ट्रक और चालक को लेकर जांच की जा रही है, फिलहाल वाहन को जब्त करने की प्रक्रिया की जा रही है, वहीं पंडित परिजनों ने बताया कि नेत्रपुरी के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं. अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे शोक और आक्रोश में डाल दिया है, मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# वार से तड़पते रहा राजा, पत्नी सोनम ने फेर ली थी नजरें

## मेघालय पुलिस की चार्जशीट में खुलासा




नव भारत न्यूज

**इंदौर.** मेघालय पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड से जुड़े चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं. जांच रिपोर्ट के मुताबिक राजा पर तेजधार हथियार से पहला वार किया गया, जो बेहद घातक था. वार लगते ही राजा दर्द से कराहने लगा, लेकिन इस दौरान उसकी पत्नी सोनम सब कुछ अपनी आंखों से देख रही थी. उसने मदद करने के बजाय नजरें फेर लीं थी.

सूत्रों के अनुसार चार्जशीट में यह बात सामने आई है कि 23 मई को सोहरा इलाके में विशाल सिंह चौहान ने राजा पर पहला वार किया था. इसके बाद वह लगातार हमले करता रहा. इस दौरान सोनम न तो चीखी और न ही पति को बचाने की कोशिश की, बल्कि बाद में वापस लौटकर यह पूछने लगी कि राजा अब भी जिंदा है या नहीं. राजा की मौत की पुष्टि होने पर सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाह और अन्य आरोपियों आकाश सिंह राजपूत व आनंद कुर्मी के साथ मिलकर शव को खाई में फेंकने में भी मदद की. पुलिस जांच में सामने आया है कि राजा की हत्या से पहले तीन बार अलग-अलग प्रयास किए गए थे, लेकिन हर बार आरोपी असफल रहे. चौथी कोशिश में वारदात को अंजाम दिया. चार्जशीट में सोनम रघुवंशी, उसका प्रेमी राज कुशवाह, विशाल चौहान, आकाश सिंह राजपूत और आनंद कुर्मी को आरोपी बनाया है.

# ड्रग्स तस्करी में लिस्टेड महिला गिरफ्तार

- बच्चों को बनाती थी 'सप्लाई गैंग' का हिस्सा



नव भारत न्यूज

इंदौर. आजाद नगर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात महिला बदमाश को दबोचा है. आरोपी महिला लंबे समय से ब्राउन शुगर की सप्लाई में सक्रिय थी और गिरफ्तारी से बचने के लिए बच्चों तक को इस्तेमाल करती थी. पुलिस ने उसके पास से 24 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी कीमत 24 हजार से अधिक बताई जा रही है.आजाद नगर पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की, पुलिस ने लेटेश्वर हनुमान मंदिर के पास संदेहास्पद रूप से घूम रही एक महिला को घेराबंदी कर पकड़ा. तलाशी के दौरान उसके पास से 24 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर मिली, जिसकी बाजार कीमत 24 हजार से ज्यादा है. गिरफ्तार महिला 40 वर्षीय सरिता उर्फ पंगु बाई पति विनय भूरिया निवासी भील कॉलोनी, थाना आजाद नगर की रहने वाली है. सरिता पर पहले से ही 25 से अधिक गंभीर प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें अवैध शराब, नशे का कारोबार और मारपीट जैसे मामले शामिल हैं. वह थाना आजाद नगर की लिस्टेड गुंडा है. पुलिस की पूछताछ में सरिता ने स्वीकार किया कि वह खुद नशे की आदी है और जल्दी पैसा कमाने के लिए ब्राउन शुगर को सस्ते दामों पर खरीदकर महंगे दामों पर बेचती थी. पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है.

**बच्चों को बनाती थी ड्रग्स सप्लाई का जरिया**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी महिला बेहद शातिर है. गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अक्सर अपना ठिकाना बदलती रहती थी. इतना ही नहीं, उसने 10 से 12 साल के छोटे बच्चों को भी ड्रग्स की सप्लाई और परिवहन में शामिल कर रखा था ताकि खुद पर पुलिस का शक न आए. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अब सरिता से ड्रग्स के नेटवर्क और सप्लाई चैन की जानकारी निकालने के लिए रिमांड पर लेगी. पुलिस का मानना है कि उसके और भी साथी इस अवैध धंधे में शामिल हैं.

# प्राचार्या ने फाइल आगे बढ़ाने मांगे रुपए

- लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार



नव भारत न्यूज

**इंदौर. भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश पर लोकायुक्त इंदौर टीम ने दो अलग-अलग मामलों में दो अधिकारियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया. दोनों मामलों में आरोपी अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग कर रिश्वत की मांग की थी. मामले में आरोपियों से पूछताछ जारी है.**

लोकायुक्त एसपी ने बताय कि पहला मामला सांवेर का है. उच्च माध्यमिक शिक्षक वर्ग-1 के पद पर नियुक्तआशीष मारू पिता शिवप्रसाद मारू, उम्र 40 वर्ष, शासकीय सांदीपनी मॉडल स्कूल कछालिया में स्थायी नियुक्ति के लिए फाइल अग्रेषित करवाने के लिए संकुल प्राचार्या मनीषा पहाड़िया, प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांवेर से मिले. आरोपिया ने फाइल आगे बढ़ाने के एवज में 2,000 रुपए रिश्वत की मांग की. शिकायत मिलने पर लोकायुक्त टीम ने सत्यापन किया और ट्रेप कार्रवाई कर आरोपिया को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जा रही है.

**बुरहानपुर में उपयंत्री को पकड़ा**



इसी तरह दूसरा मामला बुरहानपुर का है. ठेकेदार राजू वाघमारे, पिता हरि वाघमारे, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम देवरीमल तहसील नेपानगर, जिला बुरहानपुर द्वारा जनपद पंचायत खकनार के उपयंत्री महेन्द्र कोठारी, पिता भगवान सिंह कोठारी, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम जामनिया, थाना मूंदी तहसील पुनासा, जिला खंडवा से संपर्क किया गया. उपयंत्री ने ग्राम पंचायत हिंगना में किए गए प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का मूल्यांकन रिपोर्ट जमा करने के एवज में 12,000 रुपए रिश्वत की मांग की. लोकायुक्त टीम ने ट्रेप कार्रवाई कर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा. आरोपी के खिलाफ भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है.